aglasem.com

कक्षा ११ इतिहास नोट्स

संस्कृतियों का टकराव



Key Notes and Important Questions with Answers

विषय - 8
संस्कृतियों का टकराव

स्मरणीय तथ्य

1. यूरोपवासियों द्वारा अज्ञात महासागरों में साहसपूर्ण अभियान जहाँ से वे मसालें एवं चाँदी प्राप्त कर सकते थे।
2. इस काम को सर्वप्रथम स्पेन और पुर्तगाल निवासियों ने किया। उन्होंने पोप से उन प्रदेशों पर शासन करने का अनन्य अधिकार प्राप्त कर लिया।
3. अमरीका के मूल निवासियों तथा यूरोप वासियों के बीच मुठभेड़ हुई। यूरोप वासियों ने अमरीकी लोगों की पाण्डुलिपि और स्मारको को नष्ट कर दिया।
4. कैरीबियन सागर स्थित छोटे सैकड़ों द्वीप समुहों और बृहतर ऐंटिलीज में अरावाकी समुदाय के लोग रहते थे। ये लोग अमरीका के मूल निवासी थे।
5. अरावाकी लोगों का व्यवहार इतना उदार था कि वे सोने की तलाश में स्पेनी लोगों का साथ देने को तैयार हो गये।
6. तुपिनांबा–दक्षिणी अमरीका के पूर्वी तट पर ब्राजील नामक पेड़ों के जंगलों में बसे हुए गाँवों में रहने वाले लोग।
7. मध्य अमरीका में कुछ सुगठित राज्य – एजटेक, माया और इंका। इन सभ्यताओं का आर्थिक आधार – मक्के की अधिक उपज।
8. एजटेक सभ्यता – निवास स्थान – मैक्सिको की मध्यवर्ती घाटी, श्रेणी बद्ध समाज, भूमि की कमी चिनाम्पा द्वारा पूरा करना, ग्रामीण आधार।
9. बच्चों की शिक्षा – कुलीन वर्ग के बच्चे कालमेकाक बाकी बच्चे पड़ोस के तपोकल्ली स्कूल में। लड़कियो को घरेलू कामधन्धो में कुशलता।
10. माया सभ्यता – मक्के की खेती – सभ्यता का मुख्य आधार उन्नतिशील खेती के तरीके – सांस्कृतिक विकास – वास्तुकला, खगोल विज्ञान और गणित विषय की जानकारी / चित्रात्मक लिपि।
11. इंका लोग – साम्राज्य अत्यन्त केन्द्रीकृत, प्रशासन की भाषा क्वेचुआ साम्राज्य का ढ़ांचा पिरामुडनुमा, उच्चकोटी के भवन निर्माता, सभ्यता का आधार कृषि, मुख्य फसल मक्का, आलू।
12. विभिन्न वैज्ञानिक आविष्कारों ने यूरोपवासियों की साहसिक खोजों के लिए प्रेरणा दी। यूरोप की अर्थव्यवस्था में गिरावट तथा ईसाइ धर्म के प्रसार की इच्छा ने भी इन यात्राओं को प्रेरित किया।

13. चिनाम्पा – सरकंडे की बहुत बड़ी चटाईयाँ बुनकर और उन्हें मिट्टी तथ पत्तों से ढ़ँककर मैक्सिको झील में कृत्रिम टापू बनाये गए।
14. क्रिस्टोफर, कोलम्बस एक स्वयं शिक्षित व्यक्ति एक छोटा बेड़ा जिसमें सांता मारिया और दो कैरेवल – पिंटा और नीना थे को लेकर कैरीबियन सागर में स्थित 'बहामा' पहुँचा।
15. स्पेनी साम्राज्य का विस्तार बारूद और घोड़ो के प्रयोग पर आधारित सैन्य शक्ति के आधार पर हुआ। स्पेनी लोगों द्वारा दमन और महामारियों ने अमरीका के मूल निवासियों को विनाश की ओर धकेला।
16. कोर्टेस ने दो वर्षों के भीतर मैक्सिको पर अधिकार कर लिया। एजटेको की स्पेनियों के साथ लड़ाई में 600 अत्याचारी विजेता और उतने ही ट्लैक्सकलान के लोग मारे गये। हत्याकांड की इस रात को आँसूभरी रात के नाम से जाना जाता है।
17. पिजारो एक गरीब व अनपढ़, सेना में भर्ती होकर कैरीबियन द्वीप समुह पहुँचा। उसने सुन रखा था इंका राज्य सोने और चाँदी का देश है। स्पेन के राजा के समर्थन में पिजारो ने इंका राज्य का जीता।
18. पुर्तगालवासी कैब्राल ने टिम्बर के लालच में ब्राजील पर प्रभुत्व स्थापित करने का प्रयास किया।
19. अमरीका की खोज से सोने व चाँदी की बाढ़ सी आ गई। इस अधिकता ने अन्तर्राष्ट्रीय व्यापार और औद्योगिकरण का विकास।
20. उत्तरी अमरीका व दक्षिणी अमरीका के मूल निवासियों के लिए इन अभियानों के तात्कालिक कारण – मार काट के कारण मूलनिवासियों की जनसंख्या में कमी, उनकी जीवन शैली का विनाश गुलाम बनाकर खानो, बागानों और कारखानों में काम लिया जाने लगा।
21. एजटेक और इंका सभ्यता का अन्त – पूँजीवाद का प्रादुर्भाव।
22. नई आर्थिक गतिविधियों का आरम्भ – जंगलों का सफाया भूमि पर पशुपालन, सोने की खोज से खानो का काम आरम्भ इन सब कार्यों के लिए सस्ते श्रम की मांग – दास प्रथा।

अति लघु उत्तरीय प्रश्न (2 अंक वाले)

1. 'यूरोपवासियों ने अज्ञात महासागरों में साहसिक अभियान किये।' दो कारण लिखिए।
2. अरावाक संस्कृति के लोगों का मुख्य सांस्कृतिक मूलाधार क्या था? दो विशेषताएं लिखिए।

3. तुपिनांबा लोग कौन थे? वे खेती के लिए घने जंगलों का सफाया क्यों नहीं कर सके?
4. माया, एजटेक और इंका सभ्यता का मुख्य आर्थिक आधार क्या था?
5. कुतबनुमा यन्त्र के विषय में जानकारी लिखिए।
6. एजटेक लोगों ने भूमि की कमी का पूरा करने का कौन–सा तरीका अपनाया?
7. समुद्री खोजो के लिए स्पेन व पुर्तगाल के शासक नाविकों को धन क्यों देते थे? दो कारण लिखिए।
8. पिजारो कौन था? उसने कहानियों में कौन–से राज्य का नाम सुन रखा था?
9. इंका लोग उच्च कोटि के भवन–निर्माता थे, दो उदाहरण देकर स्पष्ट कीजिए।
10. उत्पादन की पूँजीवादी प्रणाली किसे कहते हैं?
11. कौन सी खाद्य वस्तुएँ दक्षिणी अमरिका से बाकी दुनिया को भेजी जाती थी?

लघु उत्तरीय प्रश्न (4 अंक वाले)

12. अरावाको और स्पेन वासियों के बीच पाये जाने वाले अन्तरों को स्पष्ट कीजिए। इनमें से कौन–से अन्तरों को आप सबसे महत्वपूर्ण मानते हैं?
13. आप किस प्रकार कह सकते हैं कि एजटेक समाज श्रेणीबद्ध था?
14. माया संस्कृति की मुख्य विशेषताएं लिखिए।
15. 'इंका साम्राज्य अत्यन्त केन्द्रीकृत था।' इस कथन के विवेचना कीजिए।
16. ऐसे कौन–से कारण थे जिनसे 15वीं शताब्दी में यूरोपीय नौचालन को सहायता मिली?
17. एजेटक लोग किस प्रकार शिक्षा के प्रति जागरूक थे? विवेचना कीजिए।
18. कोर्टेस ने एजटेक पर किस प्रकार अपना अधिकार स्थापित किया?
19. क्रिस्टोफर कोलम्बस कौन था? उसकी गुआनाहानि तक की यागा का वर्णन कीजिए।

दीर्घ उत्तरीय प्रश्न (8 अंक वाले)

20. खोज यात्राओं के क्या परिणाम निकले? उपनिवेशीकरण और दास व्यापार के संदर्भ में अपने विचार लिखिए।

21. कैब्राल किस प्रकार संयोगवश ब्राजील पहुँचा? उसने ब्राजील के संसाधनों का किस प्रकार दोहन किया? इसके प्रति ब्राजील वासियों की प्रतिक्रिया क्या थी?

22. अमरीका में स्पेन के साम्राज्य की स्थापना किस प्रकार हुई? वर्णन कीजिए।

दीर्घ प्रश्नोत्तर

20. खोज यात्राओं के परिणाम

- अमरीका महाद्वीप की खोज हुई जिसके कारण विश्वव्यापी व्यापार को प्रोत्साहन मिला।
- भारत जाने के एक नवीन मार्ग की खोज हुई।
- यूरोप के अनेक देशों इंग्लैंड, फ्रांस, स्पेन, पुर्तगाल आदि में उपनिवेश बनाने और साम्राज्य स्थापित करने की प्रतिस्पर्धा हुई।
- अमरीका में यूरोपीय सभ्यता फैलने लगी तथा इसाई धर्म के प्रचार में वृद्धि।

<u>उपनिवेशीकरण और दास व्यापार</u>

- अमरीका के मूलनिवासियों को गुलाम बनाकर खानो, बगानों और कारखानों में काम लिया जाने लगा।
- इसके साथ–2 वहाँ उत्पादन की पूँजीवादी प्रणाली का प्रादुर्भाव हुआ।
- नई–नई आर्थिक गतिविधियों जोरों से शुरू हो गई। जंगलों की सफाई करके प्राप्त भूमि पर पशुपालन किया जाने लगा।
- सभी कामों के लिए सस्ते श्रम की मांग।

21. कैब्राल और ब्राजील

- कैब्राल ने तुफानी समुद्रों से बचने के लिए पश्चिमी अफ्रीका का एक बड़ा चक्कर लगाया वह उस प्रदेश के समुद्र तट पर पहुँच गया। जिसे वर्तमान में ब्राजील कहा जाता है। इस प्रकार कैब्राल संयोगवश ब्राजील पहुँचा।
- ब्राजील में एक प्राकृतिक संसाधन टिम्बर इमारती लकड़ी का भरपूर फायदा उठाया।
- ब्राजील के निवासी लोहे के चाकू छूरियों और आरियों के बदले में पेड़ों को काटकर उनके लठ्ठे बनाकर जहाजों तक ले जाने के लिए तैयार हो गये।

ब्राजील वासियों की प्रतिक्रिया :

- मूल निवासियों ने फ्रांसीसी पादरी से कहा कि जिस भूमि ने तुम्हें पालपोस कर बड़ा किया क्या वह तुम्हारे बच्चों को पेट भरने के लिए पर्याप्त नहीं है।
- चीनी मिल मालिकों ने काम करने से इंकार करने पर उन्हें गुलाम बनाना शुरू किया।

22. अमरीका में स्पेन के साम्राज्य की स्थापना।

- स्पेनी साम्राज्य का विस्तार बारूद और घोड़ो के प्रयोग पर आधारित सैन्य शक्ति की बदौलत हुआ।
- प्रारम्भ में 'खोज' के बाद छोटी बस्तियाँ बसानी पड़ती थी। जिसमें रहने वाले स्पेनी लोग स्थानीय मजदूरो पर निगरानी रखते थे।
- स्थानीय प्रधानों को सोने के नये–नये स्रोत खोजने के लिए भर्ती।
- सैनिक दमन और बेगार का तांडव।
- महामारी विशेषतः चेचक ने अरावाक लोगों पर कहर ढ़ाह दिया क्योंकि उनमें प्रतिरोध क्षमता नहीं थी।
- स्थानीय लोगों द्वारा मानना कि बीमारी का कारण स्पेनियों द्वारा चलाई जाने वाली अदृश्य गोलियाँ थीं।
- स्पेनवासियों ने इस क्षेत्र के दो बड़े साम्राज्यों को जीतकर अपने कब्जे में कर लिया।
- यह काम हरमन कोर्टेस और फ्रांसिस्को पिजारों का था।
- उनके अभियानों का खर्चा, स्पेन के जींदारी नगर परिषदों के अधिकारियों और अभिजातों ने उठाया।